संख्या–cm-427
31/08/2021

# मुख्यमंत्री ने दिवंगत विधायक शशि भूषण हजारी के शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी

पटना, 31 अगस्त 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने दिवंगत विधायक शशि भूषण हजारी के शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी।

कुशेश्वरस्थान पूर्वी प्रखंड के रउता पंचायत के रउता ग्राम स्थित आवास पर मुख्यमंत्री ने स्व0 शशि भूषण हजारी एवं उनकी धर्मपत्नी स्व0 रेखा हजारी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि दी। ज्ञात हो कि 1 जुलाई 2021 को शशि भूषण हजारी एवं 29 जुलाई को उनकी धर्मपत्नी रेखा हजारी का निधन हो गया था।

इस अवसर पर मंत्री जल संसाधन श्री संजय कुमार झा, उपाध्यक्ष, बिहार विधानसभा श्री महेश्वर हजारी, विधायक श्री संजय सरावगी, विधायक श्री मिश्रीलाल यादव, विधायक श्री विनय कुमार, विधान पार्षद श्री अर्जुन सहनी, स्व0 शशि भूषण हजारी के पुत्र श्री अमन भूषण हजारी, श्री अभिषेक हजारी, भतीजा श्री सन्नी हजारी, सचिव जल संसाधन श्री संजीव हंस, विशेष कार्य पदाधिकारी आपदा प्रबंधन श्री संजय कुमार अग्रवाल, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, आयुक्त दरभंगा प्रमंडल डॉ0 मनीष कुमार, आई0जी0 दरभंगा रेंज श्री अजिताभ कुमार, जिलाधिकारी दरभंगा डॉ0 त्यागराजन एस0एम0, वरीय पुलिस अधीक्षक दरभंगा श्री बाबू राम सहित स्व0 शशि भूषण हजारी के अन्य परिजन उपस्थित थे।

******